
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 18.12.2023 से 24.12.2023)




भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## विधानसभा का शीतकालीन सत्र

(दिनांक 18.12.2023)

**प्रभाव :** हरियाणा विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र में जींद जिले के सरकारी स्कूल उचाना के प्रिंसिपल द्वारा छात्राओं के साथ की गई घिनौनी हरकत से जुड़े मामले पर माननीय उपमुख्यमंत्री व पूर्व शिक्षा मंत्री व कांग्रेस की विधायक गीता भुक्कल के बीच सदन में एक दूसरे पर लगाए जा रहे प्रत्यारोपों पर सदन के नेता व माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि यह विषय तीखी नोकझोंक या आरोप–प्रत्यारोप का नहीं है। अगर एक बार सदन में सर्व सम्मति से जांच करवाने के लिए सहमति दे दी गई है तो अब एक बार यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। गृह विभाग की ओर से आज पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

जायेगा। यदि मुख्य न्यायाधीश सेवारत जज की उपलब्धता के लिए मना करते हैं तो इस विषय पर सदन में पुनर्विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमेशा किसी भी विषय पर सिटिंग जज से जांच करवाने की मांग करता है, परंतु इस विषय पर सदन में सिटिंग जज से जांच करवाने की सहमति बन गई तो नेता प्रतिपक्ष को किस बात की आपत्ति है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **वर्तमान राज्य सरकार ने मैरिट पर सरकारी नौकरियों में भर्ती की प्रक्रिया को अपनाते हुए क्लास–1 व 2 की 11,500 तथा क्लास–3 व 4 की 1 लाख 6 हजार पदों पर भर्तियां की गई हैं।** इसके अतिरिक्त क्लास–1 व 2 के 3200 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया जा चुका है और ग्रुप सी व डी के लगभग 61 हजार पदों पर भर्तियां पाइपलाइन में हैं। इस प्रकार हमारी **सरकार में कुल 1 लाख 67 हजार भर्तियां हो जाएंगी। जबकि कांग्रेस के 10 साल के कार्यकाल में एचपीएससी की 8700 तथा एचएसएससी की 93 हजार ही भर्तियां हुई थी।** उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम को लेकर भी विपक्ष द्वारा लगातार भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि वर्तमान राज्य सरकार ने पारदर्शी तरीके से नौकरी देने के लिए ठेकेदारी प्रथा को खत्म करते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम गठित किया है।

उन्होंने कहा कि **हरियाणा सरकार का लक्ष्य जीरो ड्रॉप आउट का है,** इसके लिए 6 से 18 आयु वर्ष के बच्चों को स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से ट्रैक किया जाएगा और उन्हें स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करवाई जाएगी। हालांकि कुछ बच्चे गुरुकुल या मदरसों में भी जाते हैं, उनकी भी जानकारी ली जाएगी। कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वर्तमान में कांग्रेस पार्टी की हालत ऐसी हो गई है कि भण्डारे में जाएं तो पूड़ी खत्म, बाहर आए तो चप्पल गायब। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **हर जिले में एक मेडिकल**




**कॉलेज खोलने की योजना के अंतर्गत पलवल, फतेहाबाद, चरखी दादरी और कैथल में भी जल्द ही इस योजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा।** इन जिलों में भी मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है और कैथल में शिलान्यास भी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए ई–टेंडरिंग प्रणाली कारगर साबित हुई है। हजारों की संख्या में ई–टेंडरिंग पर कार्य शुरू हो गए हैं। **5 लाख रुपये तक के कार्य क्वोटेशन के माध्यम से पंचायतें स्वयं करवा रही हैं** और इससे ऊपर की राशि के कार्य ई–टेंडरिंग के माध्यम से हो रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जो भी पंचायतें नई गौशाला बनाने के लिए प्रस्ताव पास करके सरकार को भेजेगी, उसे हरियाणा गौ सेवा आयोग और पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से आधारभूत ढांचा व एक साल के चारे का पैसा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि **राज्य सरकार ने बेसहारा गौवंश की देखभाल के लिए गौसेवा आयोग के बजट को 40 करोड़ रुपये से**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

**बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये किया है।**

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने सीईटी ग्रुप–56 व 57 को छोड़कर सीईट के अन्य ग्रुपों की परीक्षाओं के लिए स्टे हटा दिया है।** परिणामस्वरूप राज्य सरकार अब गुप–सी के 63,000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द ही शुरू करेगी।

सदन में प्रश्नकाल के दौरान विधायक श्री **वरूण चौधरी द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे कर कहा कि पिछली सरकार के दौरान अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज मामलों में से कितने वापिस लिए गए, कितनों पर समझौता हुआ और कितने रद्द हुए, इसकी जानकारी भी सदन को लेनी चाहिए।**

उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक अनुसूचित जाति के उत्पीड़न के मामलों की एफआईआर ही नहीं दर्ज की जाती थी और अगर दर्ज होती भी थी तो उन्हें दबाकर रखा जाता था। उस समय लोग एफआईआर दर्ज करवाने के लिए भटकते थे। हमारी सरकार आने के बाद हमने यह निर्देश जारी किए कि थानों में जो व्यक्ति एफआईआर दर्ज करवाने आएगा, उसकी एफआईआर अवश्य दर्ज की जाए।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सदन को जानकारी दी कि **हरियाणा प्रदेश 34186 रुपये प्रति व्यक्ति जीएसटी संग्रहण में बड़े राज्यों की श्रेणी में देश में प्रथम स्थान पर है।** उन्होंने बताया कि **टैक्स इंडिया ऑनलाइन द्वारा टैक्स सुधारों में असाधारण कार्य के लिए हरियाणा को गत दिनों नई दिल्ली में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।** हरियाणा विधान सभा के शीतकालीन सत्र के दौरान दो विधेयक पारित किए गए। इनमें हरियाणा बकाया देय व्यवस्थापन (संशोधन) विधेयक, 2023 व हरियाणा निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक,2023 शामिल हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रदेश में स्वच्छता अभियान को लेकर सख्त रुख

(दिनांक 18.12.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी प्रदेश में स्वच्छता अभियान के तहत शहरों में सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपना रहे हैं। इसी के मद्देनजर शहर से कूड़ा उठाने के निर्देश में कोताही बरतने के चलते लाडवा नगर पालिका के सचिव, जिनके पास निसिंग नगरपालिका का भी अतिरिक्त प्रभार है, को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने गत दिवस जिला उपायुक्तों, जिला नगर आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान शहरों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए थे।

साथ ही यह भी सख्त निर्देश दिए थे कि शहरों में कचरे के ढेर न दिखाई दें, कार्य में कोताही करने बरतने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। **माननीय मुख्यमंत्री जी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि शहरों में कूड़े – कचरे के ढेर**



**न दिखें। प्रत्येक घर से कचरा एकत्र कर निर्धारित डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाना और कचरे का निस्तारण करने की समुचित प्रक्रिया को अपनाया जाए।** भविष्य में भी शहरों में विभिन्न टीमों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाएगा और कार्य में कोताही बरतने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से कुशल नेतृत्व और तनावमुक्त जीवन कार्यक्रम

(दिनांक 19.12.2023)




**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज यहां हरियाणा निवास में आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित योगासन सत्र–कुशल नेतृत्व और तनावमुक्त जीवन कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि **प्रदेश सरकार सकारात्मक सोच के साथ हरियाणा के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।** समाज के सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया है। इसी सकारात्मक सोच के साथ सरकार लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ रही है। उन्होंने **आर्ट आफ लिंविंग के प्रेणता श्री श्री रविशंकर द्वारा बताई बातों को अमल कर आगे बढ़ने की बात भी कही।** आर्ट आफ लिंविंग के प्रेणता श्री श्री रविशंकर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से विभानसभा सदस्यों से रूबरू हुए।

उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी को बधाई दी कि उनकी सरकार कुशल नेतृत्व के साथ–साथ सामाजिक सरोकार पर विशेष जोर दे रही है। इसके साथ ही **किसानों की भलाई के लिए फसल विविधिकरण को बड़े स्तर पर लागू किया है, जिससे किसान खुशहाल हुए हैं। उन्होंने कहा कि नकारात्मक सोच के लोग ज्यादा सक्रिय रहते हैं और समाज की हानि का प्रयास करते हैं। सकारात्मक सोच के लोगों को ज्यादा सक्रिय होकर उनकी सक्रियता को कम करना होगा, ताकि समाज की भलाई हो सके।** उन्होंने योगासन के लाभ बताए और तनाव से मुक्त रहने के टिप्स दिए। श्री श्री रविशंकर जी ने सभी सदस्यों का आह्वान किया कि वे प्रतिदिन गीता का जरूर अध्ययन करें, इससे उनके सोचने व निर्णय लेने की क्षमता में उत्तरोत्तर विकास होगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रदेश में भ्रष्टाचार पर सख्त एक्शन

(दिनांक 20.12.2023)

प्रभाव : **सीएम विंडो लगातार जनता की शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम बन रही है।** इसी कड़ी में सीएम विंडो पर आई एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने बिजली विभाग के दो अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए सब डिविजन–1 एरिया, रोहतक के तत्कालीन कार्यकारी अभियंता महताब सिंह और सब डिविजन अधिकारी जितेंद्र कुमार को निलंबित किया है। साथ ही उक्त दोनों अधिकारियों के विरुद्ध नियम–7 के तहत विभागीय कार्यवाही करन के भी निर्देश दिए हैं। ओएसडी श्री भूपेश्वर दयाल जी ने मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सीएम विंडो पर अरविन्द, निवासी 264, एचएसआईआईडीसी, कुताना हिसार रोड, रोहतक के द्वारा उसकी कम्पनी के जनवरी, 2023 के बिजली बिल के साथ लोड ज्यादा यूज करने के कारण चार्जस लग कर आने की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायतकर्ता को बाद में पता चला कि कार्यकारी अभियंता ने उनके आवेदन को अंडर प्रोसेस करके किसी दूसरी कम्पनी के आवेदन को स्वीकृत करके उन्हें बिजली का अतिरिक्त लोड दे दिया है। इस कारण से शिकायतकर्ता अरविन्द को पिछले 5 महीने से ओवर लोड चार्जिस का भुगतान करना पड़ा। अधीक्षण अभियंता (एसई) (ऑपरेशनल) सर्कल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, रोहतक द्वारा जांच की गई। जांच रिपोर्ट में तत्कालीन कार्यकारी अभियन्ता महताब सिंह व सब डिविजन अधिकारी जितेन्द्र कुमार सब डिविजन–1/एरिया, रोहतक को दोषी पाया गया। इसलिए मुख्यमंत्री ने संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उक्त दोनों अधिकारियों को निलंबित करने के साथ ही विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा भ्रष्टाचार पर अपनाई गई जीरो टोलरेंस नीति के अनुरूप अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्य को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करें।

# गुरुग्राम शहर की सफ़ाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण

(दिनांक 20.12.2023)



प्रभाव : **माननीय मुख्यमंत्री जी वीरवार को गुरुग्राम शहर की सफ़ाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने पहुंचे।** इस दौरान उन्होंने **सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने पर कन्हई रोड़ पर सफाई व्यवस्था देख रही एजेंसी पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।**

इतना ही नहीं, सफाई कर्मचारियों के सुपरवाइज़र से लेकर संयुक्त आयुक्त तक पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने जुर्माना लगाया। उन्होंने कहा कि **सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी।**

नागरिकों को स्वच्छा वातावरण उपलब्ध करवाना हम सबकी सामुहिक जिम्मेवारी है। वरिष्ठ अधिकारियों की और अधिक जिम्मेवारी बन जाती है और लापरवाही के चलते ही इन अधिकारियों पर जुर्माना लगाने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि **शहरों में सफाई व्यवस्था रखने में सफाईकर्मियों का अहम योगदान है। उन्हें समय पर वेतनमान मिले, यह प्रशासन की जिम्मेवारी है।** इसलिए अगले तीन दिनों में सफाईकर्मियों की सैलरी जारी की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी एक सप्ताह में शहर की सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार करें।

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कार्यक्रम में आयोजित संत सम्मेलन को संबोधित करना

(दिनांक 22.12.2023)




**प्रभाव :** माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने आज कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान आयोजित **संत सम्मेलन को संबोधित कर कहा कि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र व विश्व की समस्याओं का समाधान श्रीमद्भागवद् गीता में समाहित है। कुरुक्षेत्र में मनाये जा रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से आज देश–विदेश में गीता का शास्वत संदेश पहुंच रहा है।**उन्होंने कहा कि लगभग 5000 साल से ज्यादा समय पहले कुरुक्षेत्र की धरा पर भगवान श्रीकृष्ण ने अपने श्रीमुख से गीता को संदेश दिया था। उस संदेश को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के माध्यम से पूरे विश्व में स्थाशपित करने का काम किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2014 में जब माननीय प्रधानमंत्री जी कुरुक्षेत्र में गीता जयंती महोत्सव में आए थे, उस समय उन्होंने संकल्पना की थी कि गीता के संदेश को विश्व में प्रसारित करने के लिए इसका स्वरूप बढ़ाया जाना चाहिए। **हरियाणा**

# साप्ताहिक सूचना पत्र




**के माननीय मुख्यमंत्री साधुवाद के पात्र हैं, जिन्होंने माननीय प्रधानमंत्री जी की संकल्पना को मूर्तरूप दिया और वर्ष 2016 से गीता महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप दिया।** उन्होंने कहा कि संत–महात्माओं ने सदैव समाज को राह दिखाने का कार्य किया है। मेरा विश्वास है कि इस प्रकार के कार्यक्रम से गीता के उपदेश व उसके ज्ञान को जन–जन तक पहुंचाने के साथ–साथ विश्व में गीता को पुर्नस्थापित करने का काम होगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी का धर्मक्षेत्र–कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर स्वागत करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **वर्ष 2014 से भारत सरकार का संचालन भारतीय संस्कृति के अनुसार किया जा रहा है।** उन्होंने कहा कि वीरवार को ही लोकसभा व राज्यसभा में सीआरपीसी और आईपीसी से संबंधित तीन नए कानून पास हुए हैं, जोकि आज अध्यादेश बन गए हैं। **आजादी के बाद 75 वर्षों से प्रचलित गुलामी के चिन्हों को एक–एक करके हटाकर देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया गया है। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने माननीय प्रधानमंत्री और माननीय केंद्रीय गृह मंत्री को लौह पुरुष की संज्ञा देते हुए शुभकामनाएं दी।**

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 समरोह

(दिनांक 23.12.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज शनिवार को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के समापन समारोह में गीता स्थली ज्योतिसर में पवित्र ग्रंथ गीता की पूजा अर्चना करने के लिए पंहुचे। इससे पहले **माननीय मुख्यमंत्री जी असम के साथ माननीय मुख्यमंत्री जी ने सरकार की तरफ से करीब 206 करोड़ रूपये की लागत से बनाए जा रहे ज्योतिसर अनुभव केन्द्र का अवलोकन किया** और यहां पर असम के माननीय मुख्यमंत्री जी को प्रदेश सरकार के इस प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद माननीय मुख्यमंत्री असम व माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा ने गीता जयंती पर चल रहे यज्ञ में पूर्णाहुति डाली और विश्व शान्ति के लिए पूजा की। इसके उपरांत थीम पार्क में एक मिनट–एक साथ गीता के वैश्विक पाठ कार्यक्रम में संबोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज का **विश्व कोरोना**

**जैसी महामारी तथा युद्ध जैसी विभिषिकाओं के कारण अपने आपको को अंधेरी कोठरी में असहाय सा समझ रहा है। ऐसे हालात में हर किसी को भारत से आशा बंधी है कि उसकी संस्कृति व गीता रूपी विरासत दुनिया को बचा सकती है। भारत के प्रति विश्व का जो विश्वास बना है, हम उसको बनाएं रखेंगे।**

उन्होंने कहा कि गीता का सार है कि **हमे कर्म करते रहना चाहिए, फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। इसी को आत्मसात करते हुए वे स्वयं हरियाणा की 2.80 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हुए सेवा कर रहे हैं।** आज एक मिनट–एक साथ गीता के पाठ से एकरूपता का संदेश मिला है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत गीता और हमारे ग्रंथ



स्कूल पाठ्यक्रम में जोड़ने का कार्य जारी है। **इस साल गीता के 54 श्लोक पाठ्यक्रम में शामिल होंगे। भविष्य में और भी श्लोकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा, ताकि छात्र जीवन में गीता के सभी 700 श्लोकों की जानकारी मिल सके।** उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जेब में गीता की एक प्रति जेब में रखने का आह्वान करते हुए कहा कि वे बचपन से ही गीता के श्लोकों का उच्चारण करें और उनको अपने जीवन में भी अपनाएं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने **असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमन्त बिस्वा सरमा का अभिनंदन करते हुए कहा कि मां कामाख्या देवी जी की पावन धरा असम राज्य इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का भागीदार राज्य है।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को संबोधित करते हुए असम के माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में महाभारत के समय में पूरे भारत का संगम हुआ था। उन्होंने कहा कि अंग्रेज सोचते थे कि भारत को



अंग्रेजों ने बनाया है, लेकिन यह सत्य नहीं है। भारत का इतिहास बहुत पुराना है। यहां की संस्कृति हजारों वर्ष पुरानी है। उन्होंने गीता महोत्सव में निमंत्रण के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया। **इस मौके पर 18 हजार विद्यार्थियों द्वारा गीता के 18 श्लोकों का उच्चारण किया, जिससे आसमान गूंज उठा।** इस दौरान गीता ज्ञान संस्थानम के अध्यक्ष स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से कुरुक्षेत्र का सम्मान और भगवत गीता की पहचान विश्व में बनी है। गीता के प्रति बच्चों व लोगों की रुचि बढ़ी है।

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का अनावरण


(दिनांक 23.12.2023)



प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज **कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉज के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की धातु की प्रतिमा का अनावरण किया।** उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को **स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने एवं राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्प लेने की जरूरत है।** उन्होंने कहा कि केवल नाम जपने या आंखो में उनको बसाने की बजाए उनके विचारों पर चलने की जरूरत है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन वाक्य के शब्दों 'उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त ना हो जाए' का उच्चारण कर युवाओं को उनके पदचिन्हों पर अनुसरण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने **स्पोर्टस हॉस्टल का लोकार्पण भी किया।** उन्होंने कहा कि इस हॉस्टल में खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश में विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने **कुवि को हॉकी में लगातार दूसरी बार मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्राफी(माका) मिलने पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व टीम के खिलाड़ियों व कोच को बधाई दी।**

# कुरुक्षेत्र में 48 कोस तीर्थ सम्मलेन

(दिनांक 23.12.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज **कुरुक्षेत्र में 48 कोस तीर्थ सम्मलेन के दौरान उपस्थित साधु–संतों एवं आस–पड़ौस के प्रबुद्ध लोगों को सम्बोधित करते हुए ये घोषणा की कि कुरुक्षेत्र के पास पीपली में संत रविदास तथा सिख गुरुओं की स्मृति में स्मारक बनाये जाएंगे ताकि लोग उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा ले सकें।** श्रद्धालुओं को कुरुक्षेत्र के पास 48 कोस के तीर्थों का भ्रमण करवाने के लिए जल्द ही बसों की सुविधा शुरू करवाने की भी बात कही। इससे पूर्व उन्होंने 48 कोस की परिधि में स्थित 182 तीर्थों की जानकारी से संबंधित एक पुस्तक का विमोचन किया और लोगों को इस पुस्तक का अधिक से अधिक प्रचार करने का आह्वान किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने **48 कोस क्षेत्र में आने वाले तीर्थों से कलश के माध्यम से लाई गई मिट्टी को पवित्र बताते हुए नमन किया और कहा कि**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

**ये सभी तीर्थ स्थल प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने भगवद गीता और 48 कोस तीर्थों के पास होने को एक अनूठा संगम बताया और कहा कि गीता का सन्देश सार्वभौमिक, शाश्वत और सार्वकालिक है।** उन्होंने कुरुक्षेत्र की भांति 48 कोस की परिधि में आने वाले तीर्थों को पुण्य की धरती बताया और कहा कि राज्य सरकार इन तीर्थों को भी विकसित कर रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया कि अभी हाल में ही **48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि के 164 तीर्थों की सूची में सर्वेक्षण एवं दस्तावेजीकरण के पश्चात 18 नए तीर्थों को जोड़ा गया** है, जिससे अब इस भूमि के तीर्थों की कुल संख्या 182 हो चुकी है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कुरुक्षेत्र में आयोजित किये जा रहे गीता महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2002 में तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इस महोत्सव को राष्ट्रीय स्तर का बनाया और उसको आगे बढ़ाते हुए



वर्तमान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2014 में इस गीता जयंती महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय बनाने के लिए प्रेरित किया जिसमे प्रदेश सरकार वर्ष 2016 से इसको आयोजित करने में सफल भी हुई है।

**उन्होंने 48 कोस क्षेत्र में आने वाले तीर्थों के ग्रामवासियों को आह्वान किया कि वे सब मिलकर अपने-अपने तीर्थ में विकास और सौंदर्य की सुगंध को और अधिक फ़ैलाने में सरकार का सहयोग दें।**

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव–2023 जयंती कार्यक्रम समापन समारोह

(दिनांक 23.12.2023)



प्रभाव : **अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में माननीय मुख्यमंत्री जी ने शंखनाद और मंत्रौच्चारण के बीच सन्निहित सरोवर पर गीता महापूजन के साथ ब्रहमसरोवर के पावन तट पर दीपदान किया।** इस दीपदान के साथ ही परम्परा अनुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव–2023 पर जयंती कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। **इस महाआरती की संध्या में दीपोत्सव मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।** इस दीपोत्सव में जहां **सन्निहित सरोवर और ब्रहमसरोवर के पावन तट पर हजारों दीपक जलाएं वहीं कुरुक्षेत्र और 48 कोस के तीर्थ स्थलों पर भी दीपक जलाए गए।** इस समापन समारोह पर दीपोत्सव का यह दृश्य अदभुत और मनमोहक रहा। इस दौरान हवा में रंग–बिरंगे हिंडौले भी छोड़े गए और आतिशबाजी का नजारा भी देखने



लायक था। माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों को दीपोत्सव और जयंती समारोह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में गीता जयंती का **यह समारोह दीपोत्सव के कारण बहुत अदभुत रहा और हजारों दीपों की दीपमाला से ब्रहमसरोवर ही नहीं कुरुक्षेत्र का दृश्य अदभुत नजर आया।** भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की ही भूमि पर महाभारत के युद्घ के बीच एक ऐसा शांति का संदेश दिया जो आज गीता उपदेश नाम से पूरे विश्व को प्रकाशमय कर रहा है। **उन्होंने कहा कि महोत्सव के कार्यक्रमों को आनलाईन प्रणाली से देश–विदेश तक पहुंचाया गया। इस महोत्सव के संत सम्मेलन, वैश्विक गीता पाठ, दीपोत्सव बेहतरीन कार्यक्रम रहे।** उन्होंने कहा कि 7 दिसंबर से 8वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के सभी कार्यक्रमों को अच्छे ढंग से आयोजित करने और शहर की समाजसेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित करके प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया है तथा आने वाले समय में शहर की संस्थाओं के सहयोग से महोत्सव को ओर यादगार बनाया जाएगा। यह महोत्सव आमजन का महोत्सव है, इसलिए कुरुक्षेत्र प्रशासन और केडीबी के प्रयास सराहनीय रहे है।



# राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर भिवानी अन्नदाता सम्मेलन

(दिनांक 24.12.2023)



प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज **चौधरी चरण सिंह की जयंती पर राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर जिला भिवानी के गांव सिंघानी में आयोजित अन्नदाता सम्मेलन में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे, हर समय किसानों के लिए सोचते थे।** वर्तमान राज्य सरकार भी किसान हितैषी सरकार है और किसान व कृषि हमारी नीतियों के सदैव केंद्रीय बिंदु रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **किसानों को जागरूक होकर आगे बढ़ना सीखना चाहिए।** जो लोग किसानों के साथ राजनीति करते हैं, उनको पहचाना चाहिए, ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए। **ऐसे लोग जो हर जगह जाकर किसानों का नाम लेकर धरना दते हैं, रास्ते रोकते हैं, इनसे सावधान रहना है।** उन्होंने कहा विकास कार्यों की दृष्टि से

# साप्ताहिक सूचना पत्र



**लोहारू विधानसभा क्षेत्र के लिए 112 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया।** अभी तक के 9 साल के दौरान राज्य सरकार ने भिवानी जिले में विकासात्मक कार्यों के लिए 13,800 करोड़ रुपये मंजूर किये, जिसमें से 10,400 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं और शेष परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के लिए बहुत सी योजनाएं बनाई हैं, जिनका लाभ गांवों को मिल रहा है। अब किसान को किसी भी कार्य के लिए भटकने की जरूरत नहीं है। **केवल मेरी फसल मेरा पोर्टल पर अपनी फसल का ब्यौरा दर्ज करवाना है, उसकी बिक्री की व्यवस्था सरकार करेगी और खरीद के बाद उसका पैसा सीधा किसानों के खातों में पहुंचता है।**

पहले किसानों को आढ़तियों के पीछे घूमना पड़ता था, लेकिन अब पैसा किसानों को ही मिलता है। उन्होंने कहा कि आईटी के युग में अब कृषि क्षेत्र में नए सिस्टम खड़े किए जा रहे हैं। **अब ड्रोन का उपयोग कर यूरिया का छिड़काव किया जा रहा है। 15 प्रतिशत किसान इस तकनीक का प्रयोग करने लगे हैं।** उन्होंने कहा किसान संत से कम नहीं है, जो देश के लोगों के लिए अन्न पैदा करके उनकी सेवा व पेट भरने का काम करते हैं। किसान त्याग की मूर्ति हैं, यह केवल एक संत ही कर सकता है।

# हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों से सीधा संवाद

(दिनांक 24.12.2023)



प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी आज यहां सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत **ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों से संवाद कर कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने युवाओं को ठेकेदारी प्रथा से मुक्ति दिलाते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन किया है।** इसके माध्यम से शैक्षणिक योग्यता, आय इत्यादि सहित विभिन्न मानदंडों पर पारदर्शी तरीके से नौकरी दी जा रही है और ई.पी.एफ.ई.एस.आई, लेबर वेलफेयर फंड आदि का भी लाभ दिया जा रहा है। **निगम के तहत कर्मियों को सालाना 10 आकस्मिक अवकाश और 10**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

**मेडिकल अवकाश का प्रावधान भी किया है। महिला कर्मचारियों के लिए मातृत्व अवकाश की सुविधा भी दी गई है। इतना ही नहीं, हमने उन कर्मचारियों को आयुष्मान भारत–चिरायु योजना का लाभ भी देना शुरू कर दिया है, जिनके परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक है।** इसके लिए 1500 रुपये सालाना मामूली अंशदान लिया गया है। अब ऐसे परिवारों को 5 लाख रुपये तक का सालाना मुफ्त इलाज मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्ष में वर्तमान राज्य सरकार ने 1 लाख 10 हजार युवाओं को बिना खर्ची व पर्ची के योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी है। साथ ही, आगामी 6 माह में 60 हजार और भर्तियां करने जा रही है। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों के माध्यम से अनुबंध आधार पर काम कर रहे कर्मचारियों को पूरा वेतन नहीं मिलता था। ई.पी.एफ., ई.एस.आई, लेबर वेलफेयर फंड आदि की सुविधा नहीं दी जाती थी। इस प्रकार की कई शिकायतें सरकार को मिलती थी और विभिन्न कर्मचारी संघों की मांग भी थी कि ठेकेदारी प्रथा को बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम विदेशों में भी विभिन्न कार्यों के लिए मैनपावर उपलब्ध करवाने का काम करता है। विदेशों में मैनपावर की बड़ी मांग है।

**उन्होंने कहा कि हाल ही में इजराइल, दुबई और युनाइटेड किंगडम द्वारा मैनपावर की मांग की गई है। इसके लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने विज्ञापन निकाला है, जिसमें इन देशों के लिए निर्माण श्रमिकों, सिक्योरिटी गार्ड, स्टाफ नर्स आदि के काम के लिए 10 हजार मैनपावर की आवश्यकता बताई गई है।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम अब सरकारी क्षेत्र में अनुबंध आधार पर मैनपावर की नियुक्ति के लिए प्राथमिक स्रोत बन गया है। **हरियाणा कौशल रोजगार निगम परिभाषित मानदंडों के आधार पर मैनपावर को नियुक्त करता है, जिसका प्राथमिक मापदंड**

# साप्ताहिक सूचना पत्र




**न्यूनतम योग्यता का आधार और पात्र आवेदक के परिवार की आय की स्थिति है।**

इस पर कोई भी पंजीकरण करवा सकता है। सभी इच्छुक युवाओं से अनुरोध है कि आप शीघ्र से शीघ्र पोर्टल पर अपना पंजीकरण करें। पोर्टल पर पंजीकृत उम्मीदवारों में से कर्मचारियों का रोजगार के लिए चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि **वर्ष 2023–24 में हमने 2 लाख बेरोजगार युवाओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।**

इसके लिए हरियाणा कौशल विकास मिशन के माध्यम से विशिष्ट प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अभी तक 80 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है ताकि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें।